सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

कुल पृष्ठ 22 | मूल्य ₹ 4.00 (बाल भास्कर, ऐच्छिक ₹ 7.00)

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

राजस्थान

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 | पिछला 28707.75 |
| सोना (जेवराती) | 25,400 | पिछला 25,700 |
| चांदी | 37,100 | पिछला 38,100 |
| डॉलर | 62.24 | पिछला 62.24 |
| यूरो | 67.01 | पिछला 67.54 |

dainikbhaskar.com जयपुर शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख कृष्ण पक्ष-6, 2072


## प्रदेश में सदन के बाहर और अंदर कई अहम फैसले

# अब हर माह के अंतिम दिन नहीं बिकेंगे तंबाकू-सिगरेट

**जयपुर** | गुरुवार को बजट सत्र का आखिरी दिन था। सरकार ने विधानसभा में कई अहम बिल पास किए। कुछ मुद्दों पर अध्यादेश जारी करने की बात भी कही। इस बीच सरकारी विभागों ने भी कई महत्वपूर्ण फैसले किए। सबसे बड़ा फैसला रहा- प्रदेश में हर माह के अंतिम दिन 'नो टोबैको डे' का। हाईकोर्ट ने भी आदेश दिए हैं कि खानों ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी तीन माह में नहीं ली तो वे बंद होंगी।

### विभागों के फैसले

## ई-सिगरेट पर भी रोक की तैयारी

दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश में भी हर माह का अंतिम दिन तंबाकू निषेध दिवस रहेगा। इस दिन कोई भी दुकानदार तंबाकू उत्पाद नहीं बेच सकेगा। अगर उत्पाद बेचा तो चालान होगा। यह घोषणा गुरुवार को अतिरिक्त मिशन निदेशक (नेशनल हैल्थ मिशन) नीरज.के.पवन ने गुरुवार को टोंक रोड स्थित एक होटल में टोबैको कंट्रोल पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में की। उधर, प्रदेश में ई-सिगरेट पर रोक की तैयारी भी तेज कर दी गई है। चिकित्सा विभाग रोक के लिए पहले अध्ययन कराएगा। ई-सिगरेट एक बैट्री चलित उपकरण है, जिसमें निकोटिन या गैर-निकोटिन के वाष्पीकृत होने वाले घोल को सांस के साथ सेवन किया जाता है।

## प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट खत्म होगा

राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाले राजस्थान प्री इंजीनियरिंग टेस्ट (आरपीईटी) को खत्म करने की तैयारी है। इस टेस्ट की जगह प्रवेश का विकल्प तलाशने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह तीन दिन में रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। उच्च शिक्षामंत्री कालीचरण सराफ ने बताया कि इंजीनियरिंग में सीटें खाली पड़ी रहती हैं। इसलिए यह बदलाव किया जा रहा है।

## आरक्षण के लिए जातियों की स्पेलिंग तय

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने आईटी विभाग को आरक्षण प्राप्त जातियों की स्पेलिंग की संशोधित सूची भेजी है। इसमें मीणा व मीना की स्पेलिंग का मामला भी है। सूची राज्य और केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक बनाई गई है। अब इसी के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी होंगे। अभी प्रमाण पत्र में तहसीलदारों के हिसाब से शब्द लिखे जाते थे।

इनकी स्पेलिंग बदली - पेज 6

### सदन के निर्णय

## निजी विवि पर कंट्रोल के लिए लाएंगे ऑर्डिनेंस

निजी कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी की मनमानी पर अंकुश के लिए ऑर्डिनेंस के जरिए नियामक आयोग का गठन होगा। शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। सराफ ने कहा कि इस आयोग के गठन से संबंधित विधेयक तैयार है। यह विधि विभाग में परीक्षण के लिए भेजा हुआ है। जैसे ही बिल विधि विभाग से आएगा, सरकार ऑर्डिनेंस लाएगी। उधर, आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी, बीकानेर विधेयक- 2015 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह प्रदेश में निजी क्षेत्र की 41वीं यूनिवर्सिटी होगी।

बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण बिल पारित - पेज 11

## विधायकों का निर्वाचन क्षेत्र भत्ता अब 50 हजार रु.

विधायकों का निर्वाचन क्षेत्र भत्ता अब 40 हजार के बजाय 50 हजार रुपए होगा। विधानसभा ने राजस्थान विधानसभा अधिनियम 1956 बिल में संशोधन कर दिया है। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 26 मार्च को इसकी घोषणा की थी। पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व विधायकों की पेंशन भी 7500 के बजाय 15000 रुपए होगी। कार्यकाल यदि पांच साल से ज्यादा रहा तो हर साल के 1200 रुपए और मिलेंगे।

## डायन बताकर तांत्रिक क्रिया कराई तो जेल

विधानसभा में राजस्थान डायन प्रताड़ना बिल ध्वनिमत से पास हो गया। महिला को अब डायन कहा तो एक से पांच साल तक की सजा व 50 हजार जुर्माना होगा। इलाज के नाम पर तांत्रिक क्रिया करते पाए गए तांत्रिक को भी एक से तीन साल की सजा होगी। साथ ही न्यूनतम 10 हजार जुर्माना भी भुगतना होगा। बिल महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री अनिता भदेल ने सदन में रखा था।

### इधर, हाईकोर्ट का आदेश

## एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस नहीं लिया तो सीज होंगी खानें

**जोधपुर** | राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य में वर्तमान में चल रही माइनिंग लीज, क्वारी लाइसेंस तथा शॉर्ट टर्म परमिट धारकों को तीन महीने में एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस (पर्यावरणीय मंजूरी) लेने के आदेश दिए हैं। यह नहीं लेने वाली खानें सीज होंगी। राज्य में 29 हजार से ज्यादा ऐसी खानें हैं, जिनके पास वर्तमान में एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस नहीं है। चीफ जस्टिस सुनील अंबवानी व अजीतसिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि वह याचिकाकर्ता दिनेश बोथरा को पर्यावरण संरक्षण के लिए जनहित याचिका दायर करने के लिए एक महीने में एक लाख रुपए बतौर कॉस्ट अदा करे। बोथरा ने याचिका दायर कर कोर्ट को बताया कि 5 हैक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाली खानों के लिए भी एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस अनिवार्य है, लेकिन राज्य में ऐसा नहीं हो रहा।

### पहले गुड न्यूज

## रोमिंग 23%, एसएमएस 75% तक सस्ता होगा

**नई दिल्ली** | ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग कॉल करना 23% तक सस्ता हो जाएगा। लोकल एसएमएस भेजना भी 75% सस्ता होगा। इसके लिए सिर्फ 25 पैसे लगेंगे। एक रुपया नहीं। नई दरें एक मई से लागू होंगी।

### IPL-8 : नतीजा

## चेन्नई ने दिल्ली को एक रन से हराया

आज का मैच
किंग्स इलेवन Vs राजस्थान रॉयल्स
(रात 8.00 बजे से)

### न्यूज इनबॉक्स

## अब इंटरव्यू से होगी डीईओ की फील्ड पोस्टिंग

**बीकानेर** | जिला शिक्षाधिकारी के पद पर अब वही अफसर लगेगा, जो जिले में शिक्षा के ढांचे को बेहतर तरीके से चला सके। सरकार ने इसके लिए इंटरव्यू लेने का निर्णय लिया है। इंटरव्यू में फेल होने पर एसआईईआरटी व डायट में पोस्टिंग दी जाएगी।

## याकूब की याचिका खारिज, अब होगी फांसी

**नई दिल्ली**|सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब रजाक मेमन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। जस्टिस एआर दवे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने गुरुवार को पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। उसने फांसी को उम्रकैद में बदलने का आग्रह किया था।

## बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलिकॉप्टर



**नई दिल्ली**|बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

## रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्स एप की तरह जीयो चैट

**नई दिल्ली**|रिलायंस ने वाट्स एप की तरह जीयो चैट को लॉन्च किया है। यह एंड्रॉयड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

## 22 अप्रैल को अजमेर पहुंचेगा पाक जत्था

**अजमेर** | भारत-पाक संबंधों में तनाव के चलते पिछले दो सालों से उर्स मेले में शरीक नहीं हो रहे पाकिस्तानी जायरीन का जत्था इस बार शिरकत करेगा। दिल्ली से स्पेशल ट्रेन से 504 पाक जायरीन का जत्था 22 अप्रैल को सुबह अजमेर शरीफ पहुंचेगा।

## टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई**| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी।

## बना-रसियों के कानों में घुल गए गुलाम...




**वाराणसी**| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

# राजू को 7 साल की जेल, 5.5 करोड़ रु. जुर्माना

**सत्यम घोटाला :** भाई रामा समेत नौ को भी 7 साल कैद

**एजेंसी | हैदराबाद**

निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डुबोने वाले देश के सबसे बड़े अकाउंटिंग घोटाले में गुरुवार को विशेष कोर्ट का फैसला आ गया। छह साल की सुनवाई के बाद सत्यम के कर्ता-धर्ता बी. रामालिंगा राजू और उसके भाई बी. रामा राजू समेत 10 आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई। राजू पर 5.5 करोड़ और बाकियों पर 25 लाख रुपए तक का जुर्माना किया है। 7,000 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने सात जनवरी 09 को किया था। अकाउंट्स में छेड़छाड़ और कई सालों तक फायदा बढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। शेष | पेज 6



**अब भी ठाठ बाकी :** फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

## कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120बी (साजिश), 420 के साथ अन्य धारा में दोषी।**

**हर्षद मेहता केस :** मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। 27 केस चले।

### जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री का सदन में बयान

## कश्मीरी पंडितों के लिए अलग बस्ती नहीं : मुफ्ती

**एजेंसी | जम्मू**

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने गुरुवार को विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप बनाने की संभावना से इनकार कर दिया। इससे



पहले सदन में विपक्षी दलों ने इसी मसले पर उनके पहले के बयान को लेकर जमकर हंगामा किया।

हंगामे के बीच ही सईद ने सदन में कहा, 'मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग से कॉलोनियां नहीं बनाएंगे। हमने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात में भी उन्हें यह बता दिया है। कश्मीरी पंडित अलग-थलग होकर नहीं रहना चाहते। हम भी इजरायल की तरह यहां अलग बस्ती नहीं बसाना चाहते। राज्य में माहौल खराब करने के लिए यह अफवाह फैलाई गई थी।' उन्होंने कहा कि वे घाटी में लौटने वाले कश्मीरी पंडितों के लिए माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।


### मोदी से मुलाकात के बाद चर्चा थी- पंडितों के लिए अलग बस्ती बसाएंगे

सईद की मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई थी। इसके बाद कहा गया था कि मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया है कि राज्य सरकार विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप बनाने को तैयार है। इसके लिए जल्दी ही जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। विपक्ष ने इसकी तीखी आलोचना की थी।

## कैदी ने जेल में नारायण साई को जड़ा थप्पड़

दुष्कर्म मामले में आरोपी है साई

**सूरत** | दुष्कर्म मामले के आरोपी नारायण साई को सूरत की जेल में एक कैदी ने थप्पड़ जड़ दिया।



घटना बुधवार देर शाम लाजपोर जेल में हुई। सूत्रों के मुताबिक, जेल में नारकोटिक्स मामले में सजायाफ्ता कैदी बबलू उर्फ परिंदा भी बंद है। सजा के बाद से मानसिक रूप से परेशान बबलू ने सामान्य कहासुनी के बाद नारायण साई को थप्पड़ मार दिया। हालांकि इस घटना की जेल प्रशासन ने पुष्टि नहीं की।

## लिफ्ट में फंसे राजनाथ सिंह, छत के रास्ते बाहर निकले

**नई दिल्ली** | गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। बाद में छत के रास्ते से उन्हें बाहर निकाला गया। घटना उस समय हुई जब राजनाथ दक्षिण दिल्ली स्थित सीआरपीएफ परिसर में 'शौर्य दिवस' समारोह में भाग लेने पहुंचे। लिफ्ट की क्षमता तीन लोगों की थी। लेकिन उसमें सिंह के साथ चार लोग सवार थे। इस कारण लिफ्ट फंस गई।

## कार में आधे घंटे बंद रही 3 साल की बच्ची, तड़पी तो भीड़ ने कांच तोड़कर निकाला

दादाजी कार में बैठाकर मोबाइल रिचार्ज कराने चले गए



**नीमकाथाना** | सीकर जिले के नीमकाथाना में खेतड़ी मोड़ पर गुरुवार दोपहर तीन साल की बच्ची अपर्णा की जान पर बन गई। इस बच्ची को कार में छोड़कर उसके दादा रतन दीवाच मोबाइल रिचार्ज कराने चले गए। आधा घंटा बीतने के बाद कार में लॉक हुई बच्ची तड़पने लगी। मासूम को बिलखता देख लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास में उसके परिजनों को तलाशा, लेकिन कोई नहीं दिखा तो उन्होंने कार का शीशा तोड़कर बच्ची को बाहर निकाला। बाद में बच्ची के दादा मौके पर पहुंचे तो भीड़ ने उन्हें खरी-खोटी सुनाई। बच्ची के दादा कार की चाबी भी गाड़ी में छोड़ गए थे। बच्ची ने अनजाने में चाबी से छेड़छाड़ की और वह लॉक हो गई। कार धूप में खड़ी थी, हालांकि उसका एसी ऑन था। एसी ऑन रहने के बावजूद कार में दम घुटने जैसे हादसे पहले भी हो चुके हैं। इसके बावजूद इनसे कोई सबक नहीं ले रहा।

# व्यापारी का अपहरण, 10 लाख फिरौती मांगी

रात को बदमाश रींगस रोड पर छोड़ गए व्यापारी को

**भास्कर न्यूज़ | सीकर/जयपुर**

सुबह के वक्त सैर पर निकले ऊन व्यापारी विनोद सर्राफ (55) का बदमाशों ने अपहरण कर लिया। बदमाशों ने वारदात के कुछ ही देर बाद एक साथी को फिरौती लेने व्यापारी के घर भेज दिया, जिसे परिजनों ने दबोच लिया।



विनोद

अपने साथी के पकड़े जाने से घबराए बदमाश रात साढ़े नौ बजे रींगस रोड पर व्यापारी को छोड़ भाग गए। जयपुर रेंज के आईजी डीसी जैन ने बताया कि सीकर में बजाज रोड पर जैन स्कूल के पीछे रहने वाले विनोद सुबह पांच बजे सैर के लिए स्कूटी से निकले थे। लौटते वक्त सालासर स्टैंड के पास बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। छोड़ने की एवज में 10 लाख रुपए मांगे।

### बदमाशों ने साथी को फिरौती लाने भेजा, पकड़ा गया

अगवा करने के बाद बदमाशों ने विनोद से 10 लाख रु. मंगवाने को कहा। व्यापारी विनोद मोबाइल साथ लेकर नहीं गए थे। उन्होंने कहा- घर पर संपर्क नहीं कर सकता। इस पर बदमाशों ने उनकी स्कूटी पर एक साथी को घर भेजा। घर पहुंचकर बदमाश ने विनोद की परिजनों से बात करवाई। विनोद ने 10 लाख रुपए देने को कहा। परिजनों को शक हुआ तो वे भी बदमाश के साथ चलने पर अड़ गए। इस पर बदमाश भागने लगा तो उसे परिजनों ने पीछा कर पकड़ लिया। उधर, अन्य बदमाश व्यापारी को साथ लेकर भाग गए।

### 16 घंटे घुमाते रहे बदमाश

अन्य बदमाश व्यापारी को लेकर सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक घूमते रहे। फिरौती के लिए परिजनों से बात होती रही। बाद में पकड़े जाने के डर से विनोद को रींगस रोड पर छोड़ गए।

### भास्कर ख़ास

देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका


# सीने में छोटा सा छेद किया, और बदल दिया वॉल्व

**समीर राजपूत |अहमदाबाद**

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। पर अहमदाबाद के डॉक्टरों ने टीवीएआर प्रोसीजर में थोड़ा बदलाव करके वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

## 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेंद्र शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज था। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




"बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
**-डॉ. समीर दाणी,** कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर"

"इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
**-डॉ. अतुल माथुर,** कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली"

# पति की हत्या की थी, अब 20 साल करनी होगी मरीजों की सेवा

**लीगल रिपोर्टर | बीकानेर**

पति की हत्या के आरोप में किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट जगेन्द्र कुमार अग्रवाल ने पत्नी को 20 साल तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोज दो घंटे मरीजों की सेवा और सफाई करने के आदेश दिए हैं। मामला 11 साल पुराना है। पेमा देवी (बदला हुआ नाम) तब नाबालिग थी। उसने 28 जून, 04 को अपने पति सुरजाराम (बदला हुआ नाम) की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने पेमा देवी को कस्टडी में लिया और बाल अपचारी होने के कारण उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। किशोर बोर्ड ने पेमा देवी को पति की हत्या का दोषी माना।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों के बयान हुए। उसे किशोर न्याय (देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की धारा 15 (1) (सी) में सामुदायिक सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले व भर्ती मरीजों की 20 साल तक प्रतिदिन दो घंटे सेवा करने के आदेश दिए हैं।

### समाज कल्याण विभाग हर माह देगा काम की रिपोर्ट

समाज कल्याण विभाग के परिवीक्षा अधिकारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पेमा देवी के कार्य की रिपोर्ट प्रतिमाह किशोर न्याय बोर्ड को देनी होगी। सुरजाराम के भाई की ओर से पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी कि सुरजाराम की शादी पेमा से पांच साल पूर्व की गई थी। तीन माह पहले उसका मुकलावा हुआ। 28 जून को पेमा ने ढाणी में सो रहे सुरजाराम के सिर पर फावड़े वार कर उसकी हत्या कर दी।